तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026







## खबर संक्षेप

### धरमजयगढ़ में मिला महिला का अर्धनग्न शव

**धरमजयगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के मस्जिद पारा में सोमवार को एक 48 वर्षीय महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में अर्धनग्न अवस्था में शव मिला है। बताया जा रहा है कि शव की शिनाख्त हो चुकी है। महिला का शव उसके घर के बाहर झाड़ियों में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसका नाम सामने नहीं आ पाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर धरमजयगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की परिस्थितियों को देखते हुए प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ ही परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। फिलहाल इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत और चर्चाओं का माहौल है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गांव में महुआ शराब के खिलाफ फूटा गुस्सा

**रायगढ़।** धरमजयगढ विकासखंड के छाल तहसील अंतर्गत कटाईपाली सी में अवैध महुआ शराब के निर्माण और बिक्री को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया है। गांव के महिला-पुरुषों ने एकजुट होकर जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए गांव में चल रहे कथित अवैध शराब कारोबार पर तत्काल रोक लगाने और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो गांव का सामाजिक ताना-बाना पूरी तरह प्रभावित हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में लंबे समय से बड़े पैमाने पर महुआ शराब तैयार कर उसकी खुलेआम बिक्री किए जाने का आरोप है। उनका कहना है कि इस कारोबार के कारण गांव का माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है।

### शराब के नशे में पति ने की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोविंदवन में एक ग्रामीण ने मामूली विवाद के बाद



शराब के नशे में अपनी पत्नी की डंडे से पीटपीट कर हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार परमेश्वर साहू और उसकी पत्नी देवंतीन साहू रविवार के बीच मामूली बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। इस बीच देवंतीन बाई ने उसे लात मारी, जिससे वह भड़क गया। चूंकि दोनों ही शराब के नशे में चूर थे, ऐसे में परमेश्वर ने आवेश में आकर डंडे से देवंतीन बाई को पीटना शुरू कर दिया। इस पिटाई से वह बुरी तरह से घायल हो गई। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की तथा बाद में हत्या का अपराध दर्ज किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी अक्सर उसे गाली देती थी तथा उससे कपड़े धुलवाती थी, जिससे वह नाराज रहता था। जानकारी के अनुसार मृतका बिलाईगढ़ थाना प्रभारी के सरकारी निवास पर भोजन बनाने का काम करती थी।

## केवल कापू, तमनार और रायगढ़ में ही 50 प्रतिशत से ज्यादा बारिश

# 6 तहसील में 50 फीसदी से भी कम बारिश, सूखे के हालात, नहीं बढ़ा पानी का लेवल, बोर से सिंचाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आषाढ़ के शुरुआत में हुई झमाझम बारिश के बाद अब पूरी तरह से थम गई है। हालात यह है कि जिले के 6 तहसीलों में तो 50 फीसदी से भी कम बारिश का अनुमान है। केवल कापू, तमनार और रायगढ़ ब्लॉक ही ऐसा है जहां 50 प्रतिशत से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। ऐसे हालात में सूखे की स्थिति निर्मित होने की आशंका किसानों द्वारा व्यक्त की जा रही है। खास बात यह है कि बारिश नहीं होने के कारण बोर पंप में पानी का लेबल भी नहीं बढ़ा है। ऐसे में खेतों में सिंचाई भी नहीं हो पा रही है। दूसरी ओर बारिश के बाद किसानों ने लेंही के लिए खेतों की तैयारी तो कर लिया था, लेकिन बारिश ने धोखा दे दिया। इसके कारण अब वह खेत भी पत्थर की तरह कठोर हो चुका है। किसानों का कहना है कि दो दिन और बारिश नहीं हुई तो दोबारा जुताई करके खुर्रा बोनी करनी पड़ेगी। आषाढ़ के शुरुआत में दो दिन तक लगातार बारिश हुई। इसके पहले जून में तो बारिश ही नहीं हुई थी। इसके कारण अधिकांश किसानों ने रोपा के बजाए खुर्रा बोनी कर लिया था। जब बारिश हुई तो उम्मीद जगी और लेही के लिए खेत तैयार कर लिया। बतर का इंतजार कर रहे थे, लेकिन बारिश की पूरी तरह से थम गई है। बदली तो छाई रहती है, लेकिन बारिश होती नहीं है। इसके कारण खेत अब सूख गए हैं। जहां धान की बोनी हो गई थी और जहां अंकुरण की स्थिति थी वह भी सूखने के कगार पर है। बारिश के बिना बोर पंप का लेबल भी नहीं बढ़ा। ऐसे में सिंचाई का भी कोई व्यवस्था किसान नहीं कर पा रहे हैं।

**खास बात**

- लेही के लिए तैयार खेत हो गया पत्थर, दोबारा खुरौ की तैयारी
- आषाढ़ के शुरुआत में हुई बारिश, फिर पूरी तरह से थम गई





सूखे खेत और बोर।

### कहां कितनी हुई बारिश

सोमवार को दर्ज बारिश के रिकार्ड पर गौर करें तो कापू तहसील में 64 फीसदी, लैलूंगा में 52 तमनार में और रायगढ़ में 60 प्रतिशत बारिश का अनुमान है। इसके अलावा अन्य 6 तहसीलों की स्थिति तो काफी चिंता जनक है। आंकड़ों पर गौर करें तो पुसौर में 41, खरसिया 42, घरघोड़ा 31, मुकडेगा 29, धरमजयगढ़ 39 और छाल तहसील में करीब 45 फीसदी बारिश का अनुमान है। अब तक जिले में औसत बारिश देखें तो केवल 48 प्रतिशत ही हो पाई है। यहीं सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

### कन्हार मिट्टी बन गए पत्थर

सामान्य तौर पर खेतों में तीन-चार प्रकार की मिट्टी होती है। इसमें कन्हार मिट्टी तो अब पत्थर जैसी बन चुकी है। कारण जब बारिश हुई तो लेही बोनी की तैयारी के लिए किसानों ने जुताई करके खेत को छोड़ दिया था। जैसे ही खेत में जुताई हुई है वैसे ही बारिश बंद हो गई है। इसके कारण कन्हार मिट्टी पूरी तरह से पत्थर की तरह कठोर हो चुकी है। किसानों का कहना है कि दो दिन बारिश नहीं हुई तो दोबारा खुर्रा बोनी की नौबत आ जाएगी।

### युवक की सिर कुचलकर हत्या, मिला शव

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र में एक 23 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। अज्ञात हमलावर ने युवक के सिर पर सिलबट्टे से कई वार कर उसकी जान ले ली। वारदात के बाद शव घर के भीतर ही पड़ा रहा और अगले दिन उसके मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी है। घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र के भकुर्रा गांव की है। मृतक की पहचान सोनू चौहान 23 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सोनू घर में अकेला रहता था। उसकी बहनों की शादी हो चुकी है, जबकि उसकी मां अलग निवास करती है। जानकारी के अनुसार रविवार को पूरे दिन सोनू के घर का दरवाजा बंद रहा। काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर आसपास के लोगों को संदेह हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घर के अंदर प्रवेश किया तो युवक का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि मृतक के सिर पर सिलबट्टे से हमला किया गया था। सिर पर गंभीर चोट लगने और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल की परिस्थितियों के आधार पर पुलिस का अनुमान है कि हत्या शनिवार देर रात की गई होगी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# चलती ट्रेन में ट्रॉली बैग से 2.74 लाख के सोने के जेवर चोरी, तीन संदिग्धों पर शक

**रायगढ़।** शादी समारोह से परिवार के साथ लौट रहे एक व्यापारी के ट्रॉली बैग से करीब 2.74 लाख रुपये के सोने के जेवर पर चलती ट्रेन में अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। शिकायत के आधार पर रायगढ़ जीआरपी ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के गांधी नगर, केलो विहार निवासी यज्ञनारायण सोनी ने बताया कि वे पत्नी और दो बच्चों के साथ शादी समारोह से लौट रहे थे। 12 जुलाई की सुबह बिलासपुर रेलवे स्टेशन से टिटलागढ़ पैसेंजर ट्रेन में सवार हुए। उन्होंने अपने दो ट्रॉली बैग सीट के ऊपर रख दिए थे। यात्रा के दौरान उन्हें झपकी लग गई। जयरामनगर स्टेशन के पास जागने पर उन्होंने देखा कि तीन अज्ञात व्यक्ति उनके ट्रॉली बैग के आसपास बैठे हुए हैं और बैग को घेरकर बैठे थे। नैला स्टेशन पहुंचने पर तीनों युवक ट्रेन से उतर गए। रायगढ़ पहुंचकर घर में सामान निकालते समय उनकी पत्नी ने देखा कि ट्रॉली बैग में रखा प्लास्टिक का बॉक्स गायब है। पीड़ित के अनुसार बॉक्स में 17 ग्राम का सोने का हार, 4 ग्राम का मंगलसूत्र, 1 ग्राम की नथ, 1 ग्राम की बिंदिया, 5 ग्राम की 4 अंगूठियां और 6.5 ग्राम के सोने के झुमके रखे थे। चोरी गए जेवरों की कुल कीमत 2 लाख 74 हजार रुपये बताई गई है। पीड़ित ने तीनों संदिग्धों पर चोरी का शक जताते हुए कहा है कि सामने आने पर वह उनकी पहचान कर सकता है। रायगढ़ जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





### आईफोन-17 चोरी, जीआरपी ने दर्ज किया मामला

जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के अकोला निवासी अविनाश अशोक पांढरे 6 जुलाई को ट्रेन संख्या 15930 एनटीएसके-टीबीएम एक्सप्रेस से न्यू जलपाईगुड़ी से टाटानगर की यात्रा कर रहे थे। वे कोच एस-4 में सीट नंबर 7 और 8 पर सफर कर रहे थे। 6 जुलाई की सुबह करीब 5:35 बजे जब ट्रेन पाकुर रेलवे स्टेशन पहुंची तो उन्होंने देखा कि सीट पर रखा उनका सफेद रंग का एप्पल आईफोन-17 गायब है। मोबाइल का आईएमईआई नंबर और एयरटेल सिम की जानकारी देते हुए उन्होंने तत्काल रेलवे हेल्पलाइन 139 पर सूचना दी थी। सफर समाप्त होने के बाद उन्होंने जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई। चोरी हुए मोबाइल की कीमत 80 हजार रुपये बताई गई है। शिकायत के आधार पर रायगढ़ जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे पुस्तैनी जमीन के विक्रय का आरोप, परेशान परिवार पेट्रोल लेकर पहुंचा कलेक्टोरेट

- पुसौर तहसील के ग्राम दर्रामुडा का मामला, कलेक्टर ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

**रायगढ़।** पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम दर्रामुड़ा में एक परिवार की पुस्तैनी कृषि भूमि को एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से खरीदने और उस पर बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने के मामले में उचित कार्रवाई की मांग करते हुए पीड़ित पक्ष ने कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में अर्जी लगाई। किंतु जब उनकी बातों को अनसुना किया जाने लगा तब वे अपने साथ पेट्रोल रख कर कलेक्टोरेट परिसर में धरने पर बैठ गए। पीडित पक्ष का साफ तौर पर कहना है कि उन्होंने कभी भी किसी व्यक्ति को अपनी उक्त भूमि विक्रय नहीं की है। जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर ने उनकी समस्याओं को सुनते हुए आगामी 2 दिनों के भीतर इस मामले में उचित जांच करते हुए रिपोर्ट सौंपने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

अपनी पुस्तैनी पर जमीन पर अवैध कब्जा और उसे अवैध रूप से विक्रय करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्राम दर्रामुडा निवासी जुली गुप्ता ने बताया कि वह दो बहन और एक भाई हैं। उनके पिता महादेव गुप्ता की मृत्यु वर्ष 2002 में हो चुकी है। पिता की मृत्यु के बाद उनकी मां सहोद्रा बाई ने उनका पालन पोषण किया है। गांव में उनकी करीब पौने एक एकड़ पुस्तैनी कृषि भूमि है। जिस पर वे हर साल कृषि कार्य करते हैं। इस बार जब वे खसरा नंबर 335/1 और 344/1 में खेती करने के लिए गए तब वहां सिंघल प्रोजेक्ट एंड डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड का रितेश अग्रवाल वहां पहुंचा और उक्त भूमि को अपना बताने लगा। ऐसे में उन्होंने उसे बताया कि यह भूमि उनकी पुस्तैनी भूमि है, जिस पर वे कई वर्षो से खेती कर रहे हैं। वहीं दस्तावेजों में भी उनका नाम दर्ज है। किंतु पीडित परिवार पर लगातार वह दबाव बना रहा था। जब पीडित परिवार ने तहसील कार्यालय से उक्त जमीन के दस्तावेज निकलवाए तो उन्हें पता चला कि वर्ष खसरा नंबर 335/1 को वर्ष 2019 और 344/1 को वर्ष 2012 में विक्रय कर दिया गया है। जबकि उनके पिता की मृत्यु वर्ष 2002 में हो चुकी है।



### फर्जी विक्रय विलेख से क्रय करने का आरोप

पीडित पक्ष ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि उक्त भूमि का क्रय विक्रय फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किया गया है। चुंकि यह उनकी पुस्तैनी भूमि है ऐसे में उन्होंने इसका विक्रय नहीं किया है। उनका कहना है कि इस भूमि के सारे दस्तावेज उनके पास है। उनकी पिता की मृत्यु के आद वर्ष 2022 में उनका नाम उनके पिता के स्थान पर दर्ज भी किया गया है। ऐसी स्थिति में इस बीच उक्त भूमि का विक्रय हो जाना, कई सवाल खड़े करता है।

### दो दिन में जांच रिपोर्ट सौपने के निर्देश

दफ्तरों में धक्के खाने के बाद भी न्याय नहीं मिलने पर परेशान पीडित परिवार पेट्रोल लेकर कलेक्टोरेट पहुंच गया। जब कलेक्टर को इसकी जानकारी मिली तब उन्होंने पीडित परिवार को बुलाया और उनकी भूमि संबंधी दस्तावेजों की जांच कराने सहित उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से दो दिन के भीतर उचित जांच कर जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए।

# एनएच-53 पर युवक से लूटपाट के 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस ने एनएच-53 पर युवक से मारपीट कर मोबाइल, नकदी और जरूरी दस्तावेज लूटने वाले गिरोह का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में अपचारी बालक भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल, नकद रकम, 4 एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी तथा वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की स्कूटी बरामद कर जब्त कर ली है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम तेतला निवासी कमल प्रसाद जांगड़े ने 11 जुलाई को पुसौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 4 जुलाई की रात करीब 10:20 बजे वह रायगढ़ से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान लोहरसिंह पेट्रोल पंप के आगे मां मंगला नर्सिंग कॉलेज के पास एनएच-53 पर बिना नंबर की नीले रंग की स्कूटी में सवार तीन युवकों ने उसकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। सड़क पर गिरते ही आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर उसके बैग व पर्स से 2 हजार 500 नकद, मोबाइल, 4 एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी लूटकर कोडातराई की ओर फरार हो गए।

# 5 जुआरी गिरफ्तार, साढ़े 17 हजार नकद और 8 बाइक जब्त

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम उदउदा में जुए के फड़ पर पुलिस ने दबशि देकर पांच जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 17 हजार 650 नकद जब्त किया है। करीब 2.5 लाख कीमत के आठ दोपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम उदउदा के आगे आम रास्ते पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश दी। पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी कर जुआ खेल रहे उमेश देवनाथ 43, कालीचरण साह 58, मधुसूदन मंडल 45, सुशांत दास 44 और ओमप्रकाश यादव 26 को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान जुआ फड़ से 17 हजार 650 रूपए नकद बरामद किया। जुआरियों के पास खड़े आठ दोपहिया वाहन जब्त किए गए।



## शासन का आदेश भी बेअसर, चार साल बाद भी नहीं मिला मानदेय, बीईओ की शिकायत

# मानदेय डकारने का आरोपः बीईओ पर फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ विकासखंड के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी रविशंकर सारथी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

कर्मचारियों का आरोप है कि शासन के स्पष्ट आदेश के बावजूद वर्ष 2022 की हड़ताल अवधि का मानदेय आज तक नहीं दिया गया। सबसे गंभीर आरोप यह है कि कर्मचारियों का मानदेय निकाल लिया गया, लेकिन उसका भुगतान उन्हें नहीं किया गया। इस पूरे मामले की शिकायत कर्मचारियों ने विधानसभा में ज्ञापन सौंपकर की है और संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ विकास समिति, धरमजयगढ़ द्वारा कलेक्टर को उचित जांच व सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 7 मार्च से 10 अगस्त 2022 तक की हड़ताल अवधि का मानदेय शासन के आदेश के बाद भी रोक लिया गया। उन्होंने कई बार आवेदन और पत्र देकर भुगतान की मांग की, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन मिला, पैसा नहीं। तत्कालीन बीईओ रविशंकर सारथी के कार्यकाल में कर्मचारियों के मानदेय की राशि निकाल ली गई, लेकिन उसे कर्मचारियों तक नहीं पहुंचाया गया। इसके चलते दर्जनों सफाई कर्मचारी वर्षों से अपने हक के पैसे के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। कर्मचारियों का कहना है कि इस कथित अनियमितता ने उन्हें आर्थिक संकट में धकेल दिया है। सफाई कर्मचारियों ने यह भी दावा किया है कि जिले के अन्य विकासखंडों के कर्मचारियों को उनकी हड़ताल अवधि का मानदेय मिल चुका है, लेकिन केवल धरमजयगढ़ के कर्मचारी आज भी अपने अधिकार से वंचित हैं। तत्कालीन बीईओ की कथित लापरवाही और अनियमितता के कारण यह स्थिति बनी हुई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि जनवरी 2025 में वर्तमान विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने भी जिला शिक्षा अधिकारी को लंबित भुगतान के संबंध में पत्र भेजा था, लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। कर्मचारियों ने शासन से मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, यदि मानदेय की राशि का आहरण हुआ है तो उसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा धरमजयगढ़ के सभी अंशकालीन सफाई कर्मचारियों का लंबित मानदेय तत्काल जारी किया जाए।



# पांच नए मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मील का पत्थरः ओपी

**रायगढ़।** डबल इंजन सरकार में छत्तीसगढ़ को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिलने की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा प्रदेश के गीदम दंतेवाड़ा, कुनकुरी जशपुर, मनेन्द्रगढ़, जांजगीर चांपा और कबीरधाम में 50.50 एमबीबीएस सीटों वाले पांच नए शासकीय मेडिकल कॉलेजों को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से स्वीकृति मिलना प्रदेश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस उपलब्धि को मील का पत्थर बता इस स्वीकृति पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह निर्णय चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। बस्तर से लेकर सरगुजा तक अब डॉक्टर आपके जिले में ही तैयार होंगे और इलाज भी वहीं मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का आभार जताया और कहा कि यह डबल इंजन सरकार के सुशासन और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। ओपी चौधरी ने कहा यह जनता के वोट का सम्मान है। यह स्वीकृति आम आदमी द्वारा भाजपा को दिए गए वोट का सार्थक परिणाम है।



## खबर संक्षेप

### मां दुर्गा मंदिर तिलसिंवा का वार्षिक उत्सव 21 को

**सूरजपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष मां दुर्गा मंदिर तिलसिंवा का वार्षिक उत्सव 21 जुलाई से मनाया जाएगा। दुर्गा मंदिर के संरक्षक दीपक अग्रवाल ने



बताया है कि इस वर्ष भी मां दुर्गा मंदिर तिलसिंवा में वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। 21 जुलाई को कलश यात्रा सुबह 9 बजे से, शाम को रुद्राभिषेक, सायंकाल 4 बजे भजन, 22 जुलाई को प्रातः 8 बजे से अखंड रामायण एवं 23 जुलाई प्रातः 8 बजे से हवन पूजन दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा के साथ संपन्न होगा।

### शासकीय स्कूल व गौठान से टंकी चोरी करने मामले के दो आरोपी पकड़ाए

**बिश्रामपुर।** संपत्ति संबंधी अपराधों पर लगातार की जा रही कार्रवाई के तहत करंजी चौकी पुलिस ने खोपा गांव में हुई चोरी की वारदात का खुलासा



करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया सिंटेक्स टैंक भी बरामद किया है, जबकि मामले का एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, खोपा के सरपंच पति पवन सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 8 जुलाई की रात शासकीय माध्यमिक शाला (ऊपरपारा) परिसर से 5 सौ लीटर का एक सिंटेक्स टैंक , वॉश बेसिन तथा गौठान से 2 हजार लीटर क्षमता का एक सिंटेक्स टैंक चोरी कर लिया गया है, चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। शिकायत में बताया गया कि गांव के आशीष राजवाड़े उर्फ पलपल, लक्ष्मण राजवाड़े और भट्टा राजवाड़े को गौठान से सामान ले जाते हुए देखा गया था। सूचना के आधार पर पुलिस ने पूछताछ की, जिसमें मुख्य आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया,इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के घर से चोरी का सिंटेक्स टैंक बरामद कर लिया। मामले में आशीष राजवाड़े और लक्ष्मण राजवाड़े को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वहीं तीसरे आरोपी भट्टा राजवाड़े की तलाश अब भी जारी है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी करंजी विशाल मिश्रा और उनकी टीम सक्रिय रही।

### गड्ढे में मुरम डालकर किया गया मरम्मत लोगों ने ली राहत की सांस



**प्रतापपुर।** नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 7 बिजली ऑफिस के पीछे केनापारा में सड़क पर गड्ढे तथा जलभराव होने से वार्ड वासियों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के इस मौसम सड़क पर जल जमाव होने तथा लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर आज सीएमओ नगर पंचायत को कहकर जेसीबी से रोड में मुरूम डलवाया गया और वार्डवासियों के चलने लायक बनाया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेंद्र सिंह, वार्ड पार्षद श्रीमती सीता पैकरा व वार्ड वासी मौजूद थे।

## पौधरोपण नहीं होने से उजाड़ हो गया वनक्षेत्र

# बॉक्साइट खनन की गहरी खाइयां बनी जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के विभिन्न क्षेत्रों में बॉक्साइट खनन के बाद छोड़ी गई खाइयां जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। बॉक्साइट खनन के बाद सरई के विशाल पेड़ तेजी से सूख रहे हैं जिससे क्षेत्र के प्राकृतिक परिदृश्य बदल गया है तथा सैकड़ों एकड़ भूमि अनुपयोगी हो गई है।

**खास बात**
- गड्ढों में गिरने से हो रही मवेशियों की मौत, डूब चुके हैं कई बच्चे

शासन द्वारा मैनपाट की खनिज संपदा बॉक्साइट का दोहन तेजी से हो रहा है। पूर्व में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर विभिन्न क्षेत्रों में बॉक्साइट का खनन किया गया है। उद्योगों द्वारा बॉक्साइट का खनन तो किया जा रहा है लेकिन शासन द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है जिसका सीधा प्रभाव क्षेत्र के जनजीवन एवं पर्यावरण पर पड़ रहा है। शासन द्वारा वर्ष 2005-06 में तहसील क्षेत्र के ग्राम सपनादर, कुदारीडीह, बरिमा, नर्मदापुर एवं केसरा में बालको को बॉक्साइट खदाने आवंटित की गई थी। कंपनी ने ठेकेदारों के माध्यम से क्षेत्र की खदानों से वर्षों तक बॉक्साइट का खनन एवं परिवहन कराया। शासन द्वारा कंपनी को बॉक्साइट खदानों का लीज वर्ष 2047 तक दिया गया था लेकिन लगातार विरोध के कारण कंपनी को बीच में ही उत्खनन बंद करना पड़ा। वर्षों तक चले उत्खनन से खदान क्षेत्र में 15-20 फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं तो कहीं उत्खनन के लिए किए गए विस्फोट के बाद जगह-जगह मुरूम का पहाड़ खड़ा कर दिया गया है। कंपनी द्वारा बॉक्साइट उत्खनन के बाद बने खतरनाक खाइयों को पाटने की कभी पहल नहीं की गई। हालत यह है कि ग्राम सपनादर, कुदारीडीह, बरिमा, नर्मदापुर एवं केसरा के बड़े इलाके में बनी खतरनाक खाइयां जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। इन गड्ढों में 8 महीने तक पानी भरा रहता है जिसमें गिरने से आए दिन पालतू मवेशियों की मौतें होती है। इन खतरनाक गड्ढों में डूबने से कई बच्चों की मौत भी हो चुकी है। नियमानुसार खनन के बाद खतरनाक गड्ढों को पाटना चाहिए ताकि इस भूमि का उपयोग हो सके लेकिन न तो कंपनी ने ही शासन के निर्देश का पालन किया न ही प्रशासन ने ही इस दिशा में कोई पहल की। जनजीवन के लिए खतरा बने इन गड्ढों को पाटने एवं भूमि को उपयोगी बनाना संभव नहीं दिख रहा है।



ग्राम सपनादर स्थित बॉक्साइट खदान का गड्ढा।

### सूख गए सैकड़ों पेड़

बॉक्साइट खनन क्षेत्र कभी प्राकृतिक साल वन का हिस्सा था। खनन के दौरान लगातार विस्फोट करने के कारण साल के कई पेड़ धराशायी हो गए तथा बचे-खुचे पेड़ तेजी से सूखने लगे। अब खदान क्षेत्र पेड़-पौधा विहीन हो गया है। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि बॉक्साइट उत्खनन के बाद क्षेत्र के तापमान में वृद्धि हुई तथा पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है। बॉक्साइट उत्खनन के पूर्व 60-70 फीट गहरा ट्यूबवेल खनन कराने पर पानी उपलब्ध हो जाता था जबकि अब 350 फीट गहराई तक ट्यूबवेल खनन कराना पड़ रहा है। ग्राम सपनादर के पंच महेश कुमार यादव ने बताया कि पूर्व में गांव के किसी भी घर में पंखे का उपयोग नहीं होता था। अब गर्मी बढ़ने के कारण बिना कूलर के रहना मुश्किल है यही हाल बॉक्साइट खनन क्षेत्र के हर गांव का है।

### हरियाली के नाम पर खानापूर्ति

शासन द्वारा बॉक्साइट उत्खनन क्षेत्र में भूमि को समतल कर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रारंभ में कंपनी द्वारा आरकेशिया प्रजाति की नर्सरी तैयार कर कुछ स्थानों पर पौधरोपण करने की खानापूर्ति की गई थी लेकिन देखरेख के अभाव में कुछ दिनों बाद ही सारे पौधे सूख गए। दोबारा पौधरोपण की पहली नहीं की गई। अब बॉक्साइट खनन क्षेत्र पूरी तरह से उजाड़ हो गया है। साल वृक्षों के सूख जाने के कारण क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से जंगल विकसित होने की भी संभावना नहीं है।

### बदली है परिस्थितियां

बॉक्साइट खदानों के गड्ढों से हमेशा दुर्घटनाएं होने का खतरा बना रहता है पूर्व में कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। बॉक्साइट खनन के बाद क्षेत्र का जलस्तर भी नीचे चला गया है। अन्य परिस्थितियां भी बदली है।

-श्रीमती बनियासो मांझी
सरपंच, सपनादर



# महिला ने घर के कमरे में लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

महिला ने घर के कमरे में फांसी लगा लिया। परिजन महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नर्मदापुर लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। इधर मायके पक्ष के लोगों ने महिला की हत्या कर फांसी में लटकाने का आरोप लगाया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य में लाश का पीएम नहीं हो सका और पुलिस ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल पीएम कराया।

- मायके पक्ष के लोगों ने हत्या कर फांसी में लटकाने लगाया आरोप

जानकारी के अनुसार कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुनिया निवासी मिनी यादव उर्फ पूजा पति अनोज यादव (25 वर्ष) बीती रात घर के कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया। घटना को देख परिजन तत्काल फांसी से उतार महिला को नर्मदापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतिका के ससुर गोवर्धन यादव ने पुलिस को बताया कि बीती रात लगभग 8 बजे मिनी अपने कमरे में फांसी लगा लिया। वह किस कारण फांसी लगाई इसकी जानकारी नहीं है। इधर मृतिका के पिता संजय यादव ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि बेटी मिनी यादव की शादी तीन साल पहले गांव के ही अनोज यादव के साथ रीति रिवाज के साथ किया। शादी के बाद से ही पति अनोज यादव, सास व छोटी ननद किसी न किसी बात को लेकर मिनी को प्रताड़ित करते थे। यह बात पूर्व में भी मिनी यादव ने परिवार वालों को बताई थी। मायके पक्ष के लोगो का कहना है कि बीती रात घटना हुई लेकिन उन्हें सूचना तक नहीं दिया गया जबकि अंबिकापुर, राजपुर के रिश्तेदारों को घटना की सूचना दिया गया। मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया है कि मिनी की हत्या कर फांसी का रूप दिया गया है। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मृतिका के मायके व ससुराल पक्ष के लोगों के बीच मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई। स्थिति तनावपूर्ण हो जाने पर फॉरेंसिक टीम बुलाया गया। टीम ने पहले लाश का निरीक्षण किया फिर घटना स्थल का। अस्पताल में तनाव की स्थिति बन जाने पर पुलिस ने लाश को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया जहां पीएम पश्चात लाश को परिजन के सुपुर्द कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा हर पहलू से जांच शुरू कर दी है।

# आग से जली महिला के शरीर में इंफेक्शन होने से गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आग से जली महिला के शरीर में इंफेक्शन होने से उसकी मौत हो गई। लगभग डेढ़ साल पहले पत्नी को उठाकर जलते पुआल पर फेंक दिया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

- जलते पुआल में पत्नी को उठाकर फेंका था पति

जानकारी के अनुसार खैरबार खुदीपारा निवासी राजमनि उर्फ रिझीमनि पति गुलाब राम नगेसिया (30 वर्ष) 2 दिसंबर 2025 को घर में थी तभी पति गुलाब मुर्गा लेकर घर आया था। मुर्गा को देख पत्नी घर में बनाने तथा परिवार के सदस्यों के खाने की बात कही तो पति ने अपने दोस्तों के साथ बनाकर खाने की बात कही। पत्नी ने जब मना किया तो पति न सिर्फ नाराज हुआ बल्कि पत्नी के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और पत्नी को उठाकर खेत के समीप जल रहे पुआल में फेंक दिया जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। कई दिनों तक चले उपचार के बाद जब 18 दिसंबर को महिला ठीक हुई तो धटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया। इधर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई के बाद महिला को उसके पिता लुंड्रा अंतर्गत ग्राम करदोनी निवासी हीरालाल अपने घर ले गया। दो माह पूर्व ही महिला ससुराल खुदीपारा आई थी। इसी बीच शरीर में जले स्थान में इंफेक्शन हो गया जिससे बीती रात महिला की घर में मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सेवा सप्ताह के तहत विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने किया पौधरोपण

बिश्रामपुर। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को बिश्रामपुर प्रखंड में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्री राम टॉवर स्थित धर्म ध्वज के समीप श्री राम भक्त हनुमान मंदिर परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी है।

## ग्राम राई में आंधी-तूफ़ान से क्षतिग्रस्त हुए मकानों के प्रभावित परिवारों को नहीं मिली मुआवजा राशि

**बिश्रामपुर।** भटगांव तहसील क्षेत्र में वर्ष 2025 में आई भारी बारिश और आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त हुए मकानों के प्रभावित परिवार आज भी सरकारी राहत का इंतजार कर रहे हैं। घटना को लगभग एक वर्ष बीतने के बावजूद ग्राम पंचायत राई के 11 प्रभावित परिवारों को अब तक मुआवजा राशि नहीं मिल सकी है। इससे पीड़ित परिवारों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

- राहत के लिए एक साल से भटक रहे ग्रामीण

जानकारी के अनुसार, जुलाई 2025 में तेज बारिश और आंधी के कारण कई मकानों के खपरैल, सीमेंट शीट और टीन शेड उड़ गए थे, जबकि कई कच्चे मकान पूरी तरह या आंशिक रूप से ढह गए थे। प्रभावित परिवारों ने नियमानुसार पटवारी के माध्यम से सभी आवश्यक दस्तावेज जमा किए थे। स्थानीय स्तर पर सर्वे कर नुकसान का आकलन भी किया गया और प्रतिवेदन भटगांव तहसील के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भैयाथान कार्यालय भेजा गया। इसके बावजूद अब तक राहत राशि स्वीकृत नहीं हो सकी है। ग्राम राई के संजय जायसवाल, रामानंद पैकरा, सहाल पैकरा, रिझवार, जागीर साय, छब्बीस कुमार, पटवारी यादव, बुधराम पैकरा, पारस देवांगन, अतवारू पैकरा तथा श्यामबाई ने बारिश और आंधी-तूफान से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की



है।प्रभावितों के अनुसार सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद उन्हें अब तक कोई आर्थिक सहायता प्रदान नहीं की गई है।वहीं गांव के कोटवार उत्तम पाल देवांगन और रामकरण यादव का आरोप है कि उन्होंने भी पटवारी के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जमा किए थे, लेकिन उनका प्रकरण तहसील में जमा नहीं होने के कारण सूची में नाम शामिल नहीं हो सका जिससे वे भी मुआवजे से वंचित हो गये हैं। क्षेत्र की जनपद सदस्य फुलकेली मरकाम ने मामले की निष्पक्ष जांच कर लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराई जानी चाहिए। पीड़ित परिवारों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा के बाद राहत राशि समय पर मिलनी चाहिए थी, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण उन्हें एक वर्ष बाद भी सहायता के लिए भटकना पड़ रहा है।

### अटल चौक में एक हफ्ते से बिजली गुल खेतों में जल संकट गहराया

**बिश्रामपुर।** रामनगर के अटल चौक में पिछले एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जर्जर विद्युत तार जल जाने के कारण पूरे इलाके में अंधेरा पसरा हुआ है। खेतों में सिंचाई रुक गई है, पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है और सैकड़ों ग्रामीण रोजमर्रा की मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगी तो काबू पाकर जान बचाना होगा काफी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभाग के ऐसे कई विकासखंड मुख्यालय सहित ऐसे कई क्षेत्र है जहां आग लगने पर जान बचाना मुश्किल हो जाएगा। जब तक इन क्षेत्रों में दमकल की टीम पहुंचेगी तब तक सबकुछ जलकर खाक हो जाएगा। ऐसा इसलिए क्यों कि इन क्षेत्रों में दमकल वाहन की व्यवस्था वर्षों बाद भी नहीं हो सकी है। आग लगने पर जिला मुख्यालय से वाहनों को भेजा जाता है और उन्हें घटना स्थल पर पहुंचने में दो घंटे तक का समय लग जाता है और जब तक टीम मौके पर पहुंचती है तब तक भारी नुकसान हो चुका होता है।

आगजनी की घटनाएं आम बात हो गई है। समय समय पर घर, दुकान, वाहनों में आग लगने की घटनाएं सामने आती रहती है। आगजनी की इन घटनाओं में नगर सेना के अधीन आ चुकी दमकल विभाग की टीम अपने वाहनों के साथ मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम करती है। मुख्यालय में दमकल वाहन होने से अब तक सैकड़ों घरों को जलने से बचाया जा चुका है लेकिन आज भी संभाग में कई ऐसे विकासखंड है जहां आज तक दमकल वाहनों की व्यवस्था नहीं हो पाई। एक तरफ जहां क्षेत्रों में विकास के नाम पर अरबों की लागत से सड़कें, भवन बन रहे है और विकास के अनेकों कार्य किए जा रहे है उन्ही क्षेत्रों में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कोई सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई। ऐसे में आग लगने पर मुख्यालयों से दमकल वाहनों को घटना स्थल के लिए रवाना किया जाता है। यदि दूरी 30 किमी के आस पास है तो दमकल की टीम 20 से 25 मिनट में मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू कर देती है लेकिन यदि दूरी ज्यादा हो तो दमकल की टीम को पहुंचने में काफी समय लगता है। कई बार दमकल की टीम को डेढ़ से दो घंटे का सफर कर घटना स्थल तक पहुंचना पड़ता है और तब तक आग से काफी नुकसान हो चुका होता है। इसका ताजा उदाहरण पिछले दिनों सीतापुर के सोनतराई क्षेत्र में एच 43 पर टक्कर के बाद ट्राला वाहन में आग लग गई थी।






## खबर संक्षेप

### एनएसएस के 19 स्वयं सेवकों को मिला प्रमाण पत्र



**कोसीर।** जिला मुख्यालय के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसीर स्कूल में सुबह 11 बजे प्राचार्य एसपी भारती के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार जांगड़े ने कार्यक्रम में 19 विद्यार्थियों को उनकी गुणवत्ता की ए प्रमाण पत्र दिए। प्राचार्य एसपी भारती ने संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी और उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बोले हमारे कोसीर स्कूल राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शहीद नंद कुमार पटेल विश्व विद्यालय रायगढ़ से संबंधता रखती है और जिले में सबसे ऊपर ग्राफ में नाम हैं। 11 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों को जो विगत वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के थीम के अंतर्गत साफ-सफाई, पौधरोपण, नशा मुक्ति कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, शिक्षा का महत्व जैसे विषयों में 240 घंटे नियमित कार्य के आधार पर ए प्रमाण पत्र दिया जाता है जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम होते हैं। यह प्रमाण पत्र उनकी परीक्षा के बाद दिया जाता है। यह प्रमाण पत्र प्रमुख रूप से नरेंद्र कुमार साहू, खुशबू भारद्वाज, प्रीति बंजारे, निशा भारद्वाज, चांदनी भारद्वाज, रीना सिदार सहित 19 विद्यार्थियों को दिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के प्राचार्य एस पी भारती, वरिष्ठ साहित्यकार, लक्ष्मीनारायण लहरे, व्याख्याता विजय महिलाने, नवधा राम कोशले, कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार जांगड़े, गंगाधर बैरागी, अरुण रात्रे, एसके पटेल, उत्तम कुर्रे, श्रीमती बसंती भगत, प्रियंका तिग्गा उपस्थित रहे।


### दिव्यांग प्रमाणीकरण यूडीआईडी शिविर कल

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी शिविर का आयोजन किया जा रहा है यह शिविर 15 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथलगांव में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में तहसील पथलगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण एवं पूर्व में जारी प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा। शिविर में उपस्थित होने के लिए दिव्यांगजनों को आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार नंबर से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर जिस पर ओटीपी प्राप्त होता हो तथा ऐसा फोटोग्राफ जिसमें दिव्यांगता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हो, जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। यदि आधार कार्ड से मोबाइल नंबर जुड़ा हुआ नहीं है तो दिव्यांगजन पहले से ही नजदीकी आधार सेवा केंद्र में जाकर अपना मोबाइल नंबर अपडेट करवा लें।

### सूने मकान में 5 लाख रूपए नगदी व जेवर की चोरी

**अंबिकापुर।** शहर के जवाहर मार्केट स्थित सूने मकान में चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। बड़ी बात यह है कि इस चोरी में घर में काम करने वाला एक युवक भी शामिल था और उसने खुद को बधंक बनाए जाने की झूठी कहानी गढ़ी।

## पुल के दोनों ओर बने बड़े बड़े गड्ढे, राहगीरों को हो रही परेशानी



# मौत का पुल बना नंदन झरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

- अंग्रेजों के जमाने का जर्जर पुल दे रहा हादसे को न्योता
- हर सफर बन रहा जानलेवा

रायगढ़ मार्ग पर स्थित नंदन झरिया पुल इन दिनों लोगों के लिए सुविधा नहीं, बल्कि मौत का पुल बनता जा रहा है। अंग्रेजों के शासनकाल में बना यह पुराना पुल अब अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की अनदेखी के कारण हजारों लोग रोज अपनी जान हथेली पर रखकर इस पुल से गुजरने को मजबूर हैं।

पुल के दोनों ओर लगभग 500 मीटर तक सड़क गहरे और विशाल गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। वहीं पुल की सतह भी जगह-जगह उखड़ गई है और बड़े-बड़े गड्ढे किसी भी वक्त भीषण हादसे को न्योता दे रहे हैं। बरसात में इन गड्ढों में पानी भर जाने से खतरा कई गुना बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों को लिखित व मौखिक शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। जमीनी स्तर पर अब तक कोई ठोस मरम्मत कार्य नहीं हुआ है। आलम यह है कि विभागीय रिकॉर्ड में सड़क भले ही "दुरुस्त" दिखाई जा रही हो, लेकिन हकीकत में यह सड़क और पुल लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। रोजाना इस मार्ग से स्कूल बसें, एंबुलेंस, यात्री वाहन, मालवाहक ट्रक और सैकड़ों दोपहिया वाहन गुजरते हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों का सवाल है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

## चिकित्सा, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई पहचान

# 50 एमबीबीएस सीटों के साथ मेडिकल कॉलेज को मिली एनएमसी की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शासकीय मेडिकल कॉलेज जशपुर-कुनकुरी के संचालन के लिए 50 एमबीबीएस सीटों की औपचारिक अनुमति जारी कर दी है। इसके साथ ही वर्षों से प्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज का सपना साकार हो गया है।

मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जशपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। वहीं आदिवासी एवं ग्रामीण अंचलों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता तथा आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा। इसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विकासोन्मुखी सोच, सतत प्रयासों और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध नेतृत्व का परिणाम माना जा रहा है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय जशपुर के विकास



इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और मेडिकल कॉलेज की यह सौगात आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर सिद्ध होगी। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में लगातार ऐतिहासिक निर्णय लिए जा रहे हैं। जशपुर मेडिकल कॉलेज को मिली यह स्वीकृति केवल एक संस्थान की स्थापना नहीं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास, बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था और चिकित्सा शिक्षा के नए युग की शुरुआत हैं।

### स्वर्णिम अध्यायः भगत

जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना जशपुर के विकास का स्वर्णिम अध्याय है। इससे जिले के युवाओं को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व को दूरदर्शी बताया।

### विकास का मॉडलः सिंह

भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर विकास का नया मॉडल बनकर उभर रहा है। मेडिकल कॉलेज की मंजूरी से चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

### मिलेगी राहतः सालिक

जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं जिले में उपलब्ध होने से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### मजबूत आधारशिला बनेगाः राय

भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि जशपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना लंबे समय से जिले की सबसे बड़ी जनआकांक्षाओं में शामिल थी। मुख्यमंत्री ने अपने गृह जिले के विकास के प्रति जिस प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है, उसका परिणाम आज पूरे क्षेत्र के सामने है।

### ऐतिहासिक उपलब्धिः जूदेव

पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति जशपुर के विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवाओं को अपने ही जिले में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### आएगा परिवर्तनः साय

पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मेडिकल कॉलेज की मंजूरी से स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन आएगा तथा गरीब, ग्रामीण और आदिवासी परिवारों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## टोनही के शक में विधवा महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**पत्थलगांव।** डुडंगजोर गांव में अंधविश्वास के चलते जेठ ने विधवा महिला की हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, डुडंगजोर निवासी नवीना राठिया (35 वर्ष) अपने घर पर थी। आरोप है कि उसका जेठ सुखसिंग राठिया लंबे समय से अपनी मां, भाई और नाती की अलग-अलग समय पर हुई मौतों के लिए नवीना को जिम्मेदार मानता था और उस पर टोनही होने का आरोप लगाकर अक्सर विवाद करता था। सोमवार सुबह करीब 10 बजे सुखसिंग शराब के नशे में घर पहुंचा और फिर से महिला के साथ विवाद करने लगा। इसी दौरान उसने लाठी से नवीना के सिर के पीछे जोरदार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से महिला मौके पर ही गिर पड़ी और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी सुखसिंग राठिया को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मामला अंधविश्वास और पारिवारिक विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। दोष सिद्ध होने पर आरोपी के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पत्थलगांव थाना प्रभारी विनीत पांडे ने बताया कि सोमवार को ग्राम डुडंगजोर में एक महिला की हत्या हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## कॉमर्स सर्कल कोचिंग की चक्रधर नगर शाखा का भव्य शुभारंभ, मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**रायगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में एक नई एवं प्रेरणादायी पहल करते हुए रायगढ़ के प्रतिष्ठित कॉमर्स संस्थान कॉमर्स सर्कल की नई चक्रधर नगर शाखा का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गत शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों का उत्सव भी मनाया गया।




उद्घाटन समारोह में शिक्षा जगत से जुड़े प्रतिष्ठित अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य, म्यूनिसिपल स्कूल, सुश्री कल्याणी मुखर्जी थीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में हंसल एकेडमी के डायरेक्टर, पूर्व इंस्पेक्टर एवं पूर्व सीएमओ सुरेश साहू तथा वार्ड पार्षद केशव जायसवाल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में सुश्री कल्याणी मुखर्जी ने कहा कि वर्तमान समय में वाणिज्य शिक्षा युवाओं के करियर निर्माण का मजबूत आधार बन चुकी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कॉमर्स सर्कल जैसे समर्पित संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सही मार्गदर्शन प्रदान कर उनके भविष्य को नई दिशा देंगे। वहीं सुरेश साहू ने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर परिश्रम और एकाग्रता के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह रहा। अकाउंटेंसी, अर्थशास्त्र एवं बिजनेस स्टडीज़ विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस वर्ष कार्तिक श्रीवास्तव एवं प्रशांत दुबे ने 96 प्रतिशत के साथ रायगढ़ कॉमर्स टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि कॉमर्स सर्कल लगातार तीसरे वर्ष रायगढ़ कॉमर्स टॉपर देने वाला संस्थान बना है। इसके अलावा शिवम अग्रवाल 94 प्रतिशत, लेखा 93.80 प्रतिशत, प्रिन्स 93 प्रतिशत एवं तपन 92.20 प्रतिशत ने अपने-अपने विद्यालयों में शीर्ष स्थान प्राप्त कर संस्थान और जिले का गौरव बढ़ाया। अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉमर्स सर्कल के संचालक सीए उपेन्द्र साहू ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को परीक्षा में उच्च अंक दिलाना नहीं, बल्कि उनमें विषय की गहन समझ, तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच तथा आत्मविश्वास का विकास करना है।

## यदि क्लास में गुरुजी ने देखी मोबाइल तो हो सकती है कार्रवाई

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले के सभी स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार करने जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर सभी स्कूल प्रमुखों को स्कूल और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े 12 बिंदु के आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी प्रमुख निर्देश में प्रत्येक विद्यालय में स्वच्छ, सुरक्षित और अनुशासित वातावरण बनाए रखना और कक्षा के दौरान शिक्षकों द्वारा मोबाइल फोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध किया गया है। अध्यापन के समय मोबाइल का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करने और उच्चारण शुद्धि के लिए प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को अपरान्ह 3.30 बजे जिले के सभी विद्यालयों में एक साथ पुस्तक वाचन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार अपनी जिज्ञासा के पुस्तकों को पढ़ने के लिए अवसर दिया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 30 मिनट का लाइब्रेरी के लिए 1 अतिरिक्त क्लास अनिवार्य रूप से टाइम टेबल में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। लाइब्रेरी में प्रेरणादायक पुस्तक, रचनात्मक कहानी, विज्ञान, साहित्य एवं तर्कशक्ति की पुस्तकों को विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिले के उद्योगों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं, मिलीं ढेरों खामियां, 6 प्लांटो के खिलाफ न्यायालय में परिवाद दायर

**रायगढ़।** जिले में औद्योगिक सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले उद्योगों पर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा राहुल पटेल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न कारखानों के निरीक्षण के दौरान श्रमिक सुरक्षा, भवन निर्माण कार्यों और फैक्ट्री संचालन से जुड़े कई गंभीर उल्लंघन पाए गए। इन मामलों में फैक्ट्री अधिनियम 1948, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम 1996, संबंधित नियमों तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता 2020 के प्रावधानों के उल्लंघन पर कुल 6 मामलों में रायगढ़ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में परिवाद दायर किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मई एवं जून 2026 के दौरान निरीक्षण में अलग-अलग उद्योगों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाना, श्रमिकों की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं में कमी तथा वैधानिक प्रावधानों की अवहेलना सामने आई। इसके आधार पर संबंधित कंपनियों के संचालकों, कारखाना प्रबंधकों एवं अधिभोगियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। मई 2026 में जिन उद्योगों के खिलाफ परिवाद दायर किए गए हैं, उनमें अग्रोहा स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड, जिंदल स्टील लिमिटेड, रायगढ़ स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड, रायगढ़ इस्पात एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड तथा बीपी पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इन उद्योगों के अधिकारियों पर व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता-2020 तथा भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम-1996 के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप है। इसी प्रकार जून 2026 में मैसर्स श्री शिव शक्ति स्टील लिमिटेड, मैसर्स श्री सांई गुड्स ट्रेडिंग कंपनी तथा मैसर्स एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड के अधिकारियों के विरुद्ध भी फैक्ट्री अधिनियम 1948 की विभिन्न धाराओं एवं छत्तीसगढ़ फैक्ट्री नियमों के उल्लंघन के आरोप में न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया है।

### चार कंपनियों पर लगाया 7 लाख का जुर्माना

जिले में औद्योगिक सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा दर्ज कराए गए प्रकरणों में श्रम न्यायालय ने 4 उद्योगों के प्रबंधन को दोषी ठहराते हुए कुल 7 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। यह कार्रवाई कारखाना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के उल्लंघन के मामलों में की गई है। कार्यालय उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा ने जिले के विभिन्न कारखानों के निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित उद्योगों के खिलाफ श्रम न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दायर किए गए थे।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## 29 पंचायतों के एक हजार लोगों की सहभागिता के साथ पर्यावरणीय जनसुनवाई शांतिपूर्ण

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल सीईसीबी द्वारा आयोजित अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़ की प्रस्तावित 2×800 मेगावाट के लिए पर्यावरणीय जनसुनवाई आज ग्राम सुपा, तहसील पुसौर में भारी उत्साह, व्यापक जनभागीदारी एवं सकारात्मक वातावरण के बीच सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। परियोजना प्रभावित 29 ग्राम पंचायतों से पहुंचे करीब एक हजार ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने जनसुनवाई में भाग लिया। जनसुनवाई के दौरान अधिकांश वक्ताओं ने परियोजना के समर्थन में अपने विचार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास, रोजगार सृजन एवं औद्योगिक प्रगति की दिशा में एक




महत्वपूर्ण पहल बताया। भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना 14 सितंबर 2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के तहत आयोजित इस जनसुनवाई की अध्यक्षता अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने की। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी मानवेंद्र शेखर पाण्डेय की उपस्थिति में जनसुनवाई की संपूर्ण कार्यवाही निर्धारित वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सम्पन्न हुई।

### विशेषज्ञों ने दी परियोजना विस्तार की जानकारी

जनसुनवाई के दौरान अदाणी पावर लिमिटेड के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने विस्तार परियोजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। परियोजना में अपनाई जाने वाली, पर्यावरण संरक्षण उपायों, वायु गुणवत्ता प्रबंधन, जल संरक्षण, फ्लाई ऐश प्रबंधन, हरित विकास, जैव विविधता संरक्षण तथा पर्यावरण प्रबंधन योजना के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने ग्रामीणों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों, सुझावों एवं जिज्ञासाओं का विस्तारपूर्वक एवं संतोषजनक उत्तर दिया। इस अवसर पर बरपाली सरपंच संजय मैत्री, मिरौनी की सरपंच श्रीमती मीना पटेल, सेमरा के सरपंच गुलाबराम डनसेना, घुघुवा के सरपंच जगन्नाथ चौहान, सरवानी के फणीन्द्र सिदार, अमलीभौना के ओसराम सिदार, सुपा के सरपंच अनिरुद्ध सिदार तथा बूंगा के उपसरपंच दीनबंधु सिदार सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव एवं विचार रखे तथा क्षेत्र के विकास, रोजगार एवं जनकल्याण से जुड़ी अपेक्षाएं व्यक्त कीं।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### 19 जुलाई तक लगाया जाएगा एचपीवी वैक्सीन

**सारंगढ़।** जिला अस्पताल सारंगढ़ में 14 से 15 वर्ष के बालिकाओं क़ो हयूमन पैपिलोमा वायरस से होने वाले कैंसर और बीमारियों के अलावा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन 13 से 19 जुलाई तक निःशुल्क लगाया जाएगा, जिसमें बालिकाओं क़ो आधार कार्ड और अभिभावक का सहमति पत्र लाना होगा।

### हार्निया का सफल ऑपरेशन

**कटेली।** जिला चिकित्सालय सारंगढ़ ने एक और बड़ी चिकित्सा उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। अस्पताल के वरिष्ठ सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. राकेश साहू और उनकी टीम द्वारा संस्थान में पहली बार हार्नियोप्लास्टी का अत्यंत सफल ऑपरेशन किया गया। जिला चिकित्सालय में इस तरह के जटिल और विशेषज्ञता वाले ऑपरेशनों की शुरुआत होना क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक बड़ा वरदान है। हमारा निरंतर प्रयास है कि दूर दराज के मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही निशुल्क उपलब्ध कराई जा सकें।

डॉ. राकेश साहू और पूरी सर्जिकल टीम की यह उपलब्धि अस्पताल के बढ़ते सामर्थ्य को दर्शाती है। इसके साथ ही जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने भी स्वास्थ्य विभाग और जिला चिकित्सालय की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जिला अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा संसाधनों और सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है ताकि जिले के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य लाभ पहुंच सके। 13 जुलाई को हुए इस पहले हर्नियोप्लास्टी ऑपरेशन को डॉ. राकेश साहू सर्जरी विशेषज्ञ के साथ एनेस्थीसिया टीम, नर्सिंग स्टाफ और ओटी तकनीशियनों की टीम ने बेहद कुशलता के साथ अंजाम दिया। वर्तमान में मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और डॉक्टरों की देखरेख में है।

### पेंशनरों की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष हुए शामिल

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज विकासखंड बिलाईगढ का विशेष बैठक पवनी में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवृतमान प्रदेशाध्यक्ष चेतन भारती एवं कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अध्यक्ष बीएल चंद्राकर के उपस्थिति में पवनी हाईस्कूल में दोपहर बाद 12 जुलाई को आयोजित किया गया। अध्यक्षता एस एन पंडा ने किया विशिष्ट अतिथि जीआर टंडन रहे। 80 वर्ष पार होने पर बट्टूलाल साहू एवं दफ्तर सिंह ठाकुर का श्रीफल से सम्मान किया गया। इसी तरह नए पेंशनर सदस्य के रुप में भारत बंजारे, ज्योति लाल पटेल, जवाहरलाल प्रेमी, आनंद प्रेमी, बाबूलाल साहू, बिहारी लाल आदित्य, हरिराम जयसवाल, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, श्याम सुंदर सांवर, बिहारी लाल सिंह ठाकुर, गैस जराम सोनवानी, किशन लाल साहू, छेदीलाल यादव को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप में बम्हनीनडीह से मनोज कुमार तिवारी, पोषण तिवारी शामिल रहे। चेतन भारती ने पुराने पेंशनरों के हक में एरियर्स दिलाने की न्यायलीन कार्यवाही किये थे। जिस पर जीत हुई एवं अब 59 महिनें का एरियर्स राशि पात्र एवं हकदार पेंशनर लोगों को मिलेगा, इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दिए। मुकेश नायक द्वारा सिनियर सिटिजन के लिए योजनाओं को बताया एवं सभी को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराने अपना मोबाईल नंबर दिए। इस महति आयोजन में बिलाईगढ पेंशनर समाज के सभी पदाधिकारी शामिल हो कर सहयोग प्रदान किए। मौके पर निरंजन देवांगन, दशरथ लाल साहू, अमरनाथ खटकरएपी एस ठाकुर, रामजी साहू, आर डी साहू, भूषणलाल खुंटे, आशाराम बंजारे, पंचराम साहू आदि सहित भारी संख्या में पेंशनर सदस्य शामिल रहे।

### गोड़म में हुआ सीड बाल प्लांटेशन

**सारंगढ़।** पर्यावरण संरक्षण के लिए जिले के ग्राम पंचायत गोड़म में 13 जुलाई क़ो बीज उत्सव कार्यक्रम के तहत सीड बाल प्लांटेशन किया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के बिहान योजना के स्व सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में योगदान देंगी।

### 600 में 329 अंक के साथ प्रचेष्टा-1 श्रेणी में सर्वोच्च स्थान

# शिक्षा गुणवत्ता में जिले ने रचा कीर्तिमान पीजीआई 2.0 में पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई 2.0) भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित विद्यालयी शिक्षा के मूल्यांकन की एक वैज्ञानिक प्रणाली है। इसके माध्यम से राज्यों एवं जिलों की शिक्षा व्यवस्था का आकलन विद्यार्थियों के सीखने के परिणाम, प्रभावी कक्षा संचालन, डिजिटल शिक्षा, विद्यालयी अधोसंरचना, शिक्षक उपलब्धता, समावेशी शिक्षा, शैक्षणिक प्रबंधन तथा विभिन्न शैक्षणिक संकेतकों के आधार पर किया जाता है। इसका उद्देश्य केवल रैंकिंग देना नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में सतत सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा बेहतर शैक्षणिक परिणाम सुनिश्चित करना है। इसी पीजीआई 2.0 में रायगढ़ जिले ने पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया है। जिले को कुल 600 में 329 अंक प्राप्त हुए हैं, जिसके आधार पर रायगढ़ को प्रचेष्टा-1 श्रेणी प्राप्त हुई है।

यह उपलब्धि किसी एक दिन का परिणाम नहीं, बल्कि पिछले दो वर्षों से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के दूरदर्शी नेतृत्व, शिक्षा सुधार के प्रति उनकी विशेष प्राथमिकता, नियमित समीक्षा एवं सतत मॉनिटरिंग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे के प्रभावी मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू, डीएमसी आलोक स्वर्णकार के नेतृत्व में शिक्षा विभाग द्वारा सुनियोजित रणनीति, टीमवर्क और नवाचार आधारित कार्यप्रणाली के साथ किए गए निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। पीजीआई 2.0 के अंतर्गत जिले का मूल्यांकन कुल 600 अंकों के आधार पर किया गया, जिसमें परख/राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के 180 अंक, प्रबंध पोर्टल के 10 अंक तथा यू-डाइस प्लस पोर्टल के 410 अंक निर्धारित हैं। प्राप्त अंकों के आधार पर जिलों को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। रायगढ़ ने 329 अंक अर्जित कर पूरे प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से सीखने के परिणाम, प्रभावी कक्षा संचालन, शैक्षणिक प्रबंधन एवं विद्यालयी प्रदर्शन जैसे महत्वपूर्ण मानकों में जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता जिले के सभी प्राचार्यों, शिक्षकों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल समन्वयकों, पालकों, विद्यार्थियों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सभी शैक्षणिक पोर्टलों पर समयबद्ध एवं त्रुटिरहित जानकारी दर्ज कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि आगामी वर्षों में रायगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। डीएमसी आलोक स्वर्णकार ने पूरी शिक्षा टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले की सामूहिक सफलता है।



**डिजिटल शिक्षा बनी सफलता का मजबूत आधार**

पिछले दो वर्षों में जिले में डिजिटल शिक्षा को विशेष प्राथमिकता दी गई। डिजिटल शिक्षा का उद्देश्य सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण एवं रुचिकर शिक्षण उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत स्मार्ट क्लास, डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, ई-कंटेंट, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तथा दीक्षा जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया गया। शिक्षकों को डिजिटल संसाधनों के उपयोग के लिए नियमित प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया, जिससे कक्षाओं में तकनीक आधारित शिक्षण को बढ़ावा मिला और विद्यार्थियों के सीखने की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

**यू-डाइस पोर्टल पर विशेष फोकस बना उपलब्धि का आधार**

पीजीआई 2.0 में सर्वाधिक 410 अंक यू-डाइस प्लस पोर्टल से निर्धारित हैं। इसे ध्यान में रखते हुए जिले के सभी विद्यालयों में समयबद्ध, शत-प्रतिशत एवं त्रुटिरहित डेटा प्रविष्टि सुनिश्चित करने के लिए विशेष रणनीति के साथ कार्य किया गया। नियमित समीक्षा, डेटा सत्यापन एवं तकनीकी मार्गदर्शन के कारण जिले का प्रदर्शन उल्लेखनीय रूप से बेहतर हुआ। भविष्य में भी यू-डाइस प्लस पर डेटा की गुणवत्ता और समयबद्ध प्रविष्टि सुनिश्चित कर जिले के अंकों में और वृद्धि करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में विद्यालयों का नियमित निरीक्षण, शैक्षणिक सीखने के स्तर का सतत मूल्यांकन, शिक्षक प्रशिक्षण, आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, समावेशी शिक्षा तथा नवाचार आधारित गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा दिया गया। प्रत्येक पीजीआई संकेतक पर योजनाबद्ध ढंग से कार्य करते हुए शिक्षा विभाग की पूरी टीम ने उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित किए।



## एनक्यूएएस प्रमाणन से स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के नंदेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक यानी एनक्यूएएस का प्रमाणन प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के बाद केंद्र में मरीजों को राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

नंदेली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक योजना के तहत प्रमाणित किया गया है। यह प्रमाणन इस बात का संकेत है कि अस्पताल ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तय गुणवत्ता मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। ओपीडी में रोजाना लगभग 100 से 120 मरीज सेवाएं लेते हैं, जबकि सालभर में 25 हजार से अधिक लोगों का इलाज यहां किया जाता है। प्रमाणन मिलने के बाद अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और अधिक मजबूत किया जाएगा। मरीजों को मुफ्त दवाएं, आवश्यक जांच, सुरक्षित प्रसव, आपातकालीन चिकित्सा और अन्य सुविधाएं अधिक व्यवस्थित तरीके से उपलब्ध होंगी। मूल्यांकन टीम ने अस्पताल में 24 घंटे संचालित सेवाओं, स्वच्छता व्यवस्था, संक्रमण रोकथाम के उपायों, बायो मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निपटान और मरीजों से मिले फीडबैक का भी परीक्षण किया।

**यह है एनक्यूएएस**

नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड यानी एनक्यूएएस केंद्र सरकार की एक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रणाली है जिसका उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षित, सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना है। इस प्रक्रिया में अस्पतालों का मूल्यांकन सेवा गुणवत्ता, मरीजों के अधिकार, चिकित्सा संसाधन, क्लिनिकल सेवाएं, संक्रमण नियंत्रण, स्वच्छता, गुणवत्ता प्रबंधन और उपचार के परिणाम जैसे प्रमुख मानकों के आधार पर किया जाता है।

## सीएम को दिया गया ऑनलाइन भाषा कक्षाओं के शुभारंभ का आमंत्रण




**रायगढ़।** सामाजिक संगठन विप्र परिवार द्वारा संस्कृत, हिंदी एवं अंग्रेज़ी की निःशुल्क ऑनलाइन भाषा कक्षाओं के शुभारंभ की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में कार्यक्रम के संयोजक एवं संचालक भानु प्रताप मिश्र ने सीएम विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट कर उन्हें कार्यक्रम का शुभारंभ अपने करकमलों से करने के लिए आमंत्रण दिया। इस अवसर पर श्री मिश्र ने सीएम को कार्यक्रम की संपूर्ण अवधारणा, उद्देश्य तथा संचालन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभिनव पहल समाज के प्रत्येक वर्ग को भाषा के माध्यम से ज्ञान, संस्कृति और रोजगारोन्मुखी संचार कौशल से जोड़ने का प्रयास है। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्कृत, हिंदी एवं अंग्रेज़ी की निःशुल्क ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिनमें छात्र-छात्राएं, युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक तथा भाषा सीखने के इच्छुक सभी आयु वर्ग के लोग बिना किसी शुल्क के भाग ले सकेंगे। कक्षाओं का संचालन विषय विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा तथा पंजीयन गूगल फॉर्म के माध्यम से कराया जाएगा।

### दिव्यांग गणेश को मिला ट्राइसाइकिल

**रायगढ़।** जिले के धरमजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम कमोसिनडांड निवासी जन्म से दिव्यांग गणेश राम यादव के संघर्षपूर्ण जीवन को लेकर प्रकाशित एक मार्मिक समाचार पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को बिना किसी विलंब के शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग ने अभूतपूर्व तत्परता दिखाते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर गणेश राम यादव के लिए ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी। यह पूरी प्रक्रिया रविवार के शासकीय अवकाश के दिन भी पूरी की गई, जो राज्य सरकार की संवेदनशील और जवाबदेह कार्यप्रणाली का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आई है।

## अदाणी पावर लिमिटेड के पावर प्रोजेक्ट विस्तार को मिला जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा आयोजित अदाणी पावर लिमिटेड की प्रस्तावित फेज-III (2×800 मेगावाट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए सोमवार को ग्राम सुपा, तहसील पुसौर में पर्यावरणीय जनसुनवाई हुई। इस दौरान परियोजना प्रभावित 29 ग्राम पंचायतों से आए ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने परियोजना के समर्थन में अपने विचार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास, रोजगार सृजन एवं औद्योगिक प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना 14 सितंबर के प्रावधानों के तहत आयोजित इस जनसुनवाई की अध्यक्षता अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने की। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी मानवेंद्र शेखर पाण्डेय की उपस्थिति में जनसुनवाई की संपूर्ण कार्यवाही निर्धारित वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अनुविभागीय दंडाधिकारी, रायगढ़ महेश शर्मा तथा सहायक कलेक्टर गोकुल आरके भी मंचासीन रहे। संपूर्ण प्रक्रिया प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की निगरानी में शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। जनसुनवाई के दौरान अदाणी पावर लिमिटेड के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने फेज-III विस्तार परियोजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। परियोजना में अपनाई जाने वाली अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नालाजी, पर्यावरण संरक्षण उपायों, वायु गुणवत्ता प्रबंधन, जल संरक्षण, फ्लाई ऐश प्रबंधन, हरित विकास, जैव विविधता संरक्षण तथा पर्यावरण प्रबंधन योजना के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने ग्रामीणों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों, सुझावों एवं जिज्ञासाओं का विस्तारपूर्वक एवं संतोषजनक उत्तर दिया। अपने विचार व्यक्त करते हुए अनेक ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि परियोजना के विस्तार से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, स्थानीय व्यापार एवं परिवहन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर बरपाली के सरपंच संजय मैत्री, मिरौनी की सरपंच मीना पटेल, सेमरा के सरपंच गुलाबराम डनसेना, घुघुवा के सरपंच जगन्नाथ चौहान, सरवानी के फणीन्द्र सिदार, अमलीभौना के ओसराम सिदार, सुपा के सरपंच अनिरुद्ध सिदार तथा बूंगा के उपसरपंच दीनबंधु सिदार सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव एवं विचार रखे तथा क्षेत्र के विकास, रोजगार एवं जनकल्याण से जुड़ी अपेक्षाएं व्यक्त कीं।

**खास बात**

- 29 ग्राम पंचायतों के लोगों ने निभाई सहभागिता, वक्ताओं ने परियोजना के समर्थन में अपने विचार रखे






**गांवों में सकारात्मक परिवर्तन**

ग्रामीणों ने यह भी उल्लेख किया कि अदाणी पावर लिमिटेड एवं अदाणी फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, पेयजल, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत सुविधाओं एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से आसपास के गांवों में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि फेज-III विस्तार परियोजना के साथ विकास एवं जनकल्याण की ये पहलें और अधिक व्यापक होंगी। अदाणी पावर लिमिटेड ने पुनः आश्वस्त किया कि परियोजना के सभी कार्य भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरणीय मानकों एवं वैधानिक प्रावधानों का पूर्ण पालन करते हुए किए जाएंगे। कंपनी ने पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास, स्थानीय रोजगार, कौशल विकास तथा आसपास के गांवों के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## सब स्टेशन होते हुए भी कोसीर में बिजली समस्या, उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

कोसीर में सब स्टेशन होते हुए भी कोसीर सहित क्षेत्र वासी बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। पूरे क्षेत्र का मुख्य केन्द्र बिंदु स्थल कोसीर है जहाँ उप तहसील, पुलिस थाना, परियोजना ऑफिस, स्वास्थ्य केन्द्र, अनेकों सेवा केन्द्र बैंक दर्जनों प्राइवेट व शासकीय स्कूलों सहित अन्य विभिन्न सुविधाएं है जो कि बिजली की लचर व्यवस्था के कारण आए दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र में हलकी सी आंधी तूफान आने से कई घंटो तक लाइट बंद हो जाती है। ऐसे में सब स्टेशन होते ही कोसीर मे लाइट बंद की समस्या से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। वही लो बोल्टेज की समस्या भी आये दिन देखने को मिलता है। इसके फलस्वरूप क्षेत्र की जनता काफी परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि कोसीर पूरे क्षेत्र की केन्द्र बिन्दू है अनेको प्रकार की संसाधन सुविधा है लेकिन फीडर एक में होने के कारण आसपास गावं में थोड़ा सा समस्या हो चाहे सिघनपुर फीडर हो या फिर जशपुर या बरदूला हो बारिश हो या आंधी हवा मे एक पेड भी गिर जाए तो कोसीर का भी लाइट घंटों तक काट दी जाती है। जिससे कारण कोसीर में मिलने वाले सभी सुविधाओ से लोग वंचित हो जाते है। यहां के कार्यालय में कोई अधिकारी बैठते ही नहीं है। कंनिष्ठ अधिकारी का मुख्य प्रभार कोसीर ही है, लेकिन यहां के बजाए दूसरे स्थानों को प्राथमिकता देते हैं। जिसके कारण कोसीर बिजली ऑफिस बिना मुखिया के चल रहा है। जिसके कारण कोसीर में बिजली बिभाग की लचरता दिखाई देती है। अधिकारियों के कार्यालय में उपस्थित नहीं होने की वजह से छोटे छोटे काम के लिए उपभोक्ताओं को विभाग का चक्कर लगाना पड़ रहा है। अभी उपभोक्ताओं के पास अनाप-शनाप बिजली बिल आ रहा है। इसे सुधार करने के लिए विभाग का चक्कर लगाना पड़ रहा है, लेकिन अधिकारी नहीं होने की वजह से काम नहीं हो पा रहा है।

### 80 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

# बाबा सत्यनारायण के जन्मोत्सव पर प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हठयोगी महातपस्वी श्री श्री 108 बाबा सत्यनारायण बाबा के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जिला साहू संघ द्वारा कर्मा साहू सामुदायिक भवन, मरीन ड्राइव में प्रतिभा सम्मान समारोह, नवनियुक्त एवं मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, प्रमुख अतिथि राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि महापौर जीवर्धन चौहान, डीएसपी उन्नति ठाकुर, डीईओ श्यामनंद साहू, संरक्षक सेतराम साहू एवं जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष डिग्रीलाल साहू रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर जिले के लगभग 80 से अधिक प्रतिभावान छात्र छात्राओं, जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए थेए उन्हें प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। इसके पश्चात जिला साहू संघ, नगर साहू संघ, युवा प्रकोष्ठ एवं अन्य प्रकोष्ठों के नवनियुक्त एवं मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। अतिथियों एवं समाजजनों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि राधेश्याम राठिया ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक उन्नति शिक्षा, संस्कार और संगठन से होती है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करता है और नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर जिला संगठन सचिव गिरधारी साव, प्रेमलता साहू, उपाध्यक्ष ममता साव, लखलाल साहू तहसील अध्यक्ष रायगढ़, टीकाराम साहू रायगढ़ नगर, पितबासो साव पुसौर, बालचंद साहू खरसिया सहित युवा एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411